**विधान परिषद के तृतीय सत्र 2023 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री राज बहादुर सिंह चन्देल, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-30 का उत्तर**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| **30.** (क) क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि वर्ष 2018 में की गयी 68500 अध्यापकों के भर्ती की परिक्षा में चयनित अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट बनायी गयी थी? | जी हाँ। |
| (ख) यदि हॉ, तो क्या उक्त अध्यापकों की तैनाती के समय उनके द्वारा दिये गये विकल्पों के आधार पर ही तैनाती करायी गयी? | जी हाँ।<br>अभ्यर्थियों द्वारा दिये गये जनपद वरीयता के विकल्प में आरक्षणवार निर्धारित पदों के सापेक्ष मेरिट के आधार पर जनपद आवंटन की कार्यवाही की गयी है। |
| (ग) क्या कम मेरिट वाले अभ्यर्थियों की तैनाती उनके ही गृह जनपद में की गयी तथा अधिक मेरिट वाले अभ्यर्थियों को उनके द्वारा भरे गये भारांक जिले के 25 वें 30 वें नम्बर के अभ्यर्थियों की 400-500 कि0मी0 दूरी पर तैनाती दी गयी है? | 68500 सहायक अध्यापक भर्ती प्रक्रिया में जनपद आवंटन के सम्बन्ध में मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद में योजित याचिका संख्या-19737 /2018 शिखा सिंह व अन्य बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य तथा विशेष अपील संख्या-274/2020 अमित शेखर भारद्वाज बनाम उ0प्र0 राज्य व 02 अन्य बनाम सचिव, बेसिक शिक्षा परिषद व अन्य (सम्बद्ध कुल 36 विशेष अपील) में पारित आदेश दिनांक 14.09.2021 के अनुपालन में शासनादेश संख्या- रिट-472/68-5-2021-657/2021, दिनांक 10.12.2021 एवं शासनादेश संख्या-रिट-79/68-5-2022-657/2021, दिनांक 17.02.2021 के अनुपालन में अर्ह याचीगण से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित करते हुए नियमानुसार जनपद आवंटन की कार्यवाही की गयी। |
| (घ) क्या उक्त प्रकरण की उच्चस्तरीय जॉच कराकर जॉच आख्या सदन की मेज पर रखेंगें? | प्रश्न नहीं उठता। |

संदीप सिंह
राज्य मंत्री(स्वतन्त्र प्रभार)।